चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

कायस्थ समाज को समर्पित

कार्यालय पता : 84/51, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर-302033

जयपुर, रविवार 06 अप्रैल 2025 | श्री चित्रगुप्ताय नमः | वर्ष - 3 | अंक : 96 (पेज - 1)


# घर की चहारदीवारी लांघकर सियासी हलके में करानी होगी गिनती–सुबोधकांत सहाय

## वृहद कायस्थ समागम



गाजीपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय अतिथि अपने संबोधन में कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री सुबोधकान्त सहाय ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक दौर में कायस्थ समाज के लोगों को घर की चहारदीवारी लांघकर सियासी हलके में अपनी गिनती करानी होगी सता, शासन व राजनीतिक दलों को अपनी ताकत का एहसास कराना होगा। रामलीला मैदान लंका में आयोजित वृहद कायस्थ समागम को बतौर मुख्य उन्होंने कहा कि खामोशी तोड़कर अपने हक व अधिकार की आवाज बुलंद करनी होगी। कहा कि जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा देने वाले सियासी दल हमारी हिस्सेदारी नहीं दे रहे हैं। हमें राजनीति में हासिये पर ढकेलने की लगातार साजिश रची जा रही है, इसके लिए केवल राजनीतिक दल ही जिम्मेदार नहीं बल्कि हमारी सियासी उदासीनता भी प्रमुख कारण है। कहा कि विकास की कुंजी सत्ता के हाथों में होती है। बिना सत्ता में भागीदारी के समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने समाज का अपना एक अलग राजनीतिक संगठन बनाने का प्रस्ताव रखा। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन आरती व स्तुति से हुआ इस मौके पर समाज के मेवावी छात्रों, खिलाड़ियों साहित्यकारों, सिविल बार की सचिव ज्योत्सना श्रीवास्तव, गापए के संरक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव आदि को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मुकेश श्रीवास्तव, महामंत्री विश्वविमोहन कुलश्रेष्ठ, तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष रवि पिल्ई, प्रदेश अध्यक्ष डा. श्रीवास्तव, युवा संभाग प्रदेश अध्यक्ष गौरव सक्सेना ने भी संबोधित किया। संचालन मोहनलाल श्रीवास्तव, अतिथियों का स्वागत महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार श्रीवास्तव, अंत में सभी के प्रति आभार मुकेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने किया।

# कायस्थ समाज का विशाल फागोत्सव फाग गीतों और चंग की थाप पर नृत्य के साथ संपन्न हुआ

अजमेर अतिश माथुर, चित्रांश एक्सप्रेस। श्री चित्रगुप्त समाज एवं मंदिर समिति तथा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के द्वारा पंचशील स्थित सामुदायिक भवन में कायस्थ समाज का विशाल फाग उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्षवासुदेव देवनानी ने समाज को परस्पर सहयोग से कार्य करनेऔर एक दूसरे की मदद करने के साथ मधुर व्यवहार का संदेश देते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज क के 80 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ जन प्रोफेसर पी एन माथुर, पी एन राजोरिया, सौभाग नारायण माथुर ,नारायण प्रसाद माथुर, जय नारायण माथुर एवंअखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कोटा से आए अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने दीप प्राज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

पार्षद आतिश माथुर ने सभी का स्वागत करते हुए माल्यार्पण कर समाज को फाग उत्सव एवं होली की की बधाई दी। कायस्थ महासभा के अजमेर अध्यक्ष एवं समिति के उपाध्यक्ष जी के माथुर ने आगंतुकों कोमोमेंटो प्रदान किया। इस अवसरपर समाजहोनहार छात्र-छात्राओं जिन्होंने मेडिकल आई आई टी व अन्य स्थानो पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है को भी सम्मानित किया गया।

अजमेर जिले से एकत्रित हुए समाज के लगभग 1000 प्रतिनिधिया ने फाग गीतो के साथ सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेंमुकुट लाल माथुर हर्ष राय रतन माथुर नरेश माथु रमनीष माथुर विभोर माथुर प्रवेश मीनावत तरुण मीनावत जितेंद्र माथुर कपिल माथुरमुकेश माथुरसूर्यनारायणसूरज नारायण मधुर माथुर नारायण प्रसाद माथुर अनिल राजोरिया अनिल मीनावत डॉ अभिषेक सक्सेना एडवोकेटमनीष माथुर श्रीमतीअनीता माथुर प्रेमलता माथुर मोना माथुर दीपा माथुर





श्रद्धा माथुर ने सहयोग प्रदान किया। डीपी माथुर ने सभी का आभार व्यक्त किया 250 भगवा ध्वज समाज बंधुओ को निशुल्क बाँटे गए 200 चित्रगुप्त जी की स्तुति आरती वितरित की गयी



## संपादकीय



### डॉ. अरुण कुमार सक्सैना

आपने छोटी सी 'ट्रिप के लिए सभ्मान 'पैक किया, और आप लगभग एक साल तक 'लौट ही नहीं पाए। कोई ताज़ी 'हवा नहीं। असली 'खाना नहीं। बाहर निकलने का कोई 'रास्ता नहीं' बस 'इंतज़ार। और ये भी पता नहीं कि क्या आप 'वापस लौट पाएंगे भी या नहीं। वो सोचकर गए थे कि 8 दिन के लिए 'अंतरिक्ष में रहेंगे। पर वो 286 दिन तक वहीं फंसे रह गए! इन अंतरिक्ष यात्रियों के पास कोई 'कंट्रोल नहीं था। कोई 'टिकट नहीं बुक कर सकते थे। बस 'शांत रहना था, 'भरोसा रखना था, और 286 दिन तक 'धैर्य रखना था। और आखिर में३ वो लौटे। इतिहास भी रच दिया।

जब ज़िंदगी में कुछ 'लेट हो जाए या 'प्लान बदल जाए३ याद रखना! कम से कम हम अंतरिक्ष में फंसे नहीं हैं! ज़िंदगी में 'रुकावटें आएंगी। प्लान बिगड़ेंगे। चीज़ें 'उम्मीद से कहीं ज्यादा 'वक्त लेंगी। लेकिन अगर ये अंतरिक्ष यात्री 8 दिन की जगह 9 महीने अंतरिक्ष में 'टिक सकते हैं. तो हम भी अपनी ज़िंदगी के रास्ते बदलते, हालात संभाल सकते हैं।

'सब्र खो देते हैं हम जब 10 मिनट का 'ट्रैफिक जाम हो जाता है। कोई 'डील कुछ महीने लेट हो जाती है। एक रिजेक्शन ईमेल देखकर हार मान लेते हैं।

ये 'सब्र, 'हिम्मत, और 'समाधान की सबसे बड़ी मिसाल है, इन दोनों को सलाम! वो सिर्फ बचे नहीं, बल्कि मिसाल बन गए।



# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

आसमान साफ है।'
तपी तेज धूप,
बदलों में छाई उमस हैं।
तन से छूटा पसीना टप - टप,
पत्तों में छाया सन्नाटा हैं।
आज बादल उभर आए,
उमस फूट पड़ी बूंदें बनकर।
जी भर बरसे बादल,
फूट फूट के रोयें हैं।
अब आसमान साफ हैं।
संध्या का हुआ समय
गोरी गोरी मिट्टी,
अब साफ हुआ आसमान।
तपा सूरज ढल रहा हैं।
आसमान में छाई,
लाल - लाल लालिमा।
बादलों में तपा लावा
आज ठंडा हो गया,
लाल - लाल आसमान
पर ठंडी - ठंडी नम् हवा,
आग जैसे आसमान में,
ठंडी और नमी छाई हैं।
उमस से भरे बादल
फुट फुट के रोयें हैं।
बादलों में भरा उमस,
पानी की बूंदें बनकर बरस गया,
अब आसमान साफ हैं।

कविता चौधरी ( राजस्थानत्र)



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

ये मुस्कुराहट तुम्हारे चेहरे पर बनी रहे

सच, मुस्कुराता हुआ चेहरा कौन नहीं चाहता
चेहरे की मुस्कान जिंदगी की लय बदल देती है
मुस्कुराहट ही है जिससे चेहरे का नूर बदल देती है
यह जिंदगी एक रंगमंच की तरह है
जिस रंगमंच पर इंसान हंसता है मुस्कुराता है तो कभी रोता भी है
अगर चेहरे पर मुस्कान हो
और चेहरा तनाव मुक्त हो
ऐसे चेहरे पर क्यों ना कोई निसार हो
मुस्कान इंसान की जीवन की सफलता का कुंजी है
चेहरे की मुस्कुराहट दामन में खुशियां भर देती हैं
मुस्कुराहट चेहरे की नजाकत भी होती है
ऐसे में हर इंसान को हर पल मुस्कुराने का बहाना ढूंढना चाहिए
क्यूंकि मुस्कुराहट में छुपी है जीवन की कश्ती
तभी वह जीवन रूपी नैया को पार कर सकता है
यह कोई दौलत नहीं जो कोई हमसे छिन सके
ना ही कोई जायदाद है जो कोई बांट सके
मुस्कुराने के लिए कंजूसी कैसी
जिंदगी जीने में रुकावट कैसी
मुस्कुराहट पूरे दिन को हसीन बना देती है
ख्वाबों को हकीकत बना देती है
अगर हो जिंदगी को खुशनुमा बनाने की चाहत
तो अपने चेहरे पर मुस्कुराहट देगी
जिंदगी में राहत
चेहरे की मुस्कान ,चेहरे का सुरूर
इंसान के दामन में खुशियां भर देती हैं

डॉ मीना कुमारी परिहार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

बाँटते रहो मधुर मुस्कान

क्या रक्खा तेरा -मेरा में,
बाँटते रहो मधुर मुस्कान।
पल दो पल की जिंदगानी है,
यही है जीवन की पहचान।

झंझावात को छोड़कर लाओ,
सबके लबों पर तुम मुस्कान।
जीवन का हर दुख सह जाता,
सुगमता से सच्चा इंसान।

यूँ तो हमारे जीवन में,
संकट का भी आता है तूफान।
लेकिन साहस,धैर्य रखकर,
क्षणभंगुर का है भान।

गमों में भी जो हंसकर जीता ,
इसी को कहते, जीने का नाम ।
जीवन का चक्र चलता है यूँ ही,
मायूस न हो तुम यूँ इंसान।

दूजे के दुख को.. जो अपना समझे,
बहती दिल में प्रेम की धार।
राग, द्वेष तनिक न रखता,
उसका जीवन होता गुलज़ार।

जब तक सूरज चाँद रहेगा,
दुख सुख का होता रहेगा भान।
अपनी प्यारी मीठी बातों से,
बाँटते रहो मधुर मुस्कान।

मानसी मित्तल, उत्तर प्रदेश



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

कविता आती है नहीं, बनते हैं कविराज।
ऐसे कवियों से भरा,आज है कवि समाज।।
कवि मंचों के हो गए, अब तो ठेकेदार।
कवियों का हिस्सा हड़प, बनते साहूकार।।

अच्छी कविता का नहीं, होता है सम्मान।
चाटुकार कवि का यहाँ, होता है गुणगान।।
तुकबंदी करके लिखें, ग़ज़लें, कविता, लेख।
छंद कभी लिखते नहीं,न लिख पाएं सुलेख।।

मंचों पर फैला रखा,अपना ऐसा जाल।
अच्छे लेखक हो गए,इन सबसे बदहाल।।
रचना चोरी की पढ़ें, बनते बहुत महान।
ऊँची कुर्सी बैठ कर, बाँट रहे हैं ज्ञान।।

अपनी रचना का सभी, करते खूब प्रचार।
किन्तु गैर के लेख पर, रखते नहीं विचार।।
काफी लेखक हो गए, समूहों के गुलाम।
करें प्रशासक के कहे, उल्टे-सीधे काम।।

छोटी रचना को पटल , देते हैं सम्मान।
विशाल रचना पे वहीं, देते तनिक न ध्यान।।
मंच उन्हीं के हो गए,जो लिखते श्रृंगार।
छंदबद्ध कवि हो गए,मंच हेतु बेकार।।

प्रमाण पानें के लिए,पैसा है आधार।
कवि सम्मेलन हो गए, कवियों का व्यापार।।

राम जी तिवारी 'राम' उन्नाव ( उत्तर प्रदेश )



कुमार महेन्द्र
चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

आओ,आशाओं के नवदीप जलाएं
जब जनमानस उद्वेलित हो,
अथाह नैराश्य भावों से ।
हिम्मत नतमस्तक होने लगे,
अनंत संघर्षी घावों से ।
तब सकारात्मक सोच संग,
लक्ष्य ओर कदम बढ़ाएं ।
आओ,आशाओं के नवदीप जलाएं ।।
जीवन पर मंडराने लगे,
जब काली घटा घनघोर ।
दिशाभ्रमित हों प्रगति राहें,
आत्म विश्वास मंदित ठोर ।
तब आशा उमंग संचरित कर,
सफलता भव्य परचम लहराएं ।
आओ,आशाओं के नवदीप जलाएं ।।
जब अभिव्यक्ति पटल पर,
क्रोध समावेशित होने लगे ।
परंपराएं मर्यादाएं संस्कार,
निज अस्तित्व खोने लगे ।
तब सांस्कृतिक अभिरक्षा कर,
अपनत्व परम अहसास कराएं ।
आओ,आशाओं के नवदीप जलाएं ।।
जब शासन प्रशासन अंतर,
भ्रष्टाचार मुंह बोल रहा हो ।
पूरा तंत्र सही गलत तथ्य,
एक तराजू पर तोल रहा हो ।
तब प्रखर विरोध स्वर संग,
राष्ट्र सुषुप्त स्वाभिमान जगाएं ।
आओ,आशाओं के नवदीप जलाएं ।।

डॉ रामबली मिश्र वाराणसी



प्यार की आशा

चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

होता नहीं निराश मन,सदा जोहता राह.
लक्ष्य भले ही दूर हो,होगी पूरी चाह..
समय ईश का रूप है,सत्य दयालू उदार.
आयेगा यह एक दिन,देगा निश्चित प्यार..
आशा से भरपूर है,जीवन का यह गेह.
कोमल कमल मधुर हृदय,रखे सभी पर नेह..
अमृत जैसा नेह यह,कपटहीन उर - गात.
रत रहता सब त्याग कर,सिर्फ प्यार की बात..
जीवन का यह मूल्य है,प्रिय मधु दिव्य प्रसाद.
अहं नहीं इसमें कभी,दिखता नहीं प्रमाद..
हृदय प्यार का खुशनुमा,इसमें अति आनंद.
अति भावुक मोहक सुखद,वंदनीय शिव- नंद..
आशा से यह सुलभ है,इसमें करुणा भाव.
सहज सरल प्रिय दूध सम,आता देने छांव..



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

प्रेम नारायण
श्रीवास्तव

घाव गहरे थे बहुत समझाना तुम्हें जरूर था ठिकाना
मेरा जब था ही नहीं तो दर दर ठोकरें खाना भी जरूरी था
हम जैसे महारूमों का भी गुज़ारा आसान कहां करके
गुजारिश तुमसे हमें बार बार ये सच कहना भी जरूरी था
हुई चाहतें नाकाम फिर भी सब्र हम करते रहे बढ़ा कर
मायूसी अपनी बार बार अर्ज तुमसे करना भी जरूरी था
परख के अंदाज़ ए बेरुखी तेरा जला कर चिराग़ दिल में
बुझाए बार बार बात दिल की तुमसे कहना भी जरूरी था
करके गुज़ारा किसी तरह दिल को समझाए बार बार
वफा की राह में बढ़ा कर दर्द तुम्हें आजमाना भी जरूरी था



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

जब यौवन ये ढल जाए गा
फिर किस को नाज़ दिखाये गी।
जब बल्ब आँख के,फ्यूज़ हुए
फिर किस से आँख लड़ाये गी।

जब दांत गुफ़ा से निकल गए
तो हंस कर किसे दिखाए गी।
बालों में आ गई चांदी तो
जुल्फ़ें कैसे लहराये गी।

जब थर थर हाथ ये कापें गे
उंगली पे किसे नचाये गी।
ढूंढो गी जवानी झुक झुक कर
जब कमर तेरी झुक जाए गी।

कल नक़्श जो रुख पर उभरें गे
दर्पण से भी कतराये गी।
है बाढ़ नदी में चढ़ी अभी
कल तलक उतर वो जाए गी।
है आज बुलंद इमारत जो
ज़ख़्मी खंडहर हो जाए गी।

सुरजीत सिंह ज़ख़्मी, पुने

गोविन्द नारायण शर्मा
सिंधोलियाँ मालपुरा टोंक



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन


याद बहुत आती
तेरी यादों को अब दिल मे छुपा नही सकता,
भीगी अंगिया कसा बदन भूला नही सकता !
तेरे गोरे सूर्ख रतनार कपोल चुम्बन रसपान,
चहरे की कातिल मुस्कान भूला नही सकता!
बारिश में भींगी टपकती तेरी जुल्फों की बूंदे,
इन बूंदों से हलक प्यास बुझा नही सकता!
मेरा बस चले तो तेरी यादों को भूल जाता ,
पर टूटे इस दिल को मैं समझा नही सकता!
हवाएं फरेबी हो गयी शोले भड़काने लगी,
उस जलन को जानता हूँ बता नही सकता !
बनके बसन्त तेरी यादों को कुरेदने लगी!
खिले गुलों को गुनहगार कह नही सकता!
भिगी फुंहारो में अंगिया चिपकी गोरे बन्दन,
बहकी नज़रों को देखने से रोक नही सकता!
जुल्फों से टपकती बूंदे मानो गिरती शबनम!
नजाकत अल्फाज़ो में बयाँ नही कर सकता !
तुम नहीं आती हमे सोने नही देता ये मौसम,
दिलरुबा यादों को आने से रोक नही सकता!
सुनी थी सिर्फ गज़लों में बिछुड़ने की बातें,
तुझसे प्रथम मिलन रात भूला नही सकता!
मय सा नशीला बदन खुमारी बढ़ती ही गयी,
जमाने की बंदिशें चाह कर छू नही सकता!
बड़ी कशिश भरी हैं तेरे हर इक अल्फाज़ में,
सुनने की चाहत बरबस रोक नही सकता!
कल जब देखा था मैने सपना मझली रात में,
आलंबन पलों की खुमारी भूला नही सकता !

# कायस्थ जनरल सभा जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह




जयपुर, चित्रांश एक्सप्रेस ।कायस्थ जनरल सभा जयपुर के वर्ष 2025 से 2028 की कार्यकारिणी के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ ग्रहण समारोह वर्ल्ड ट्रेड पार्क में आयोजित किया गया । मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट अंशुमान सक्सेना ने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया व निर्वाचित सदस्यों की सूची आम सभा में पेश की, कायस्थ जनरल सभा जयपुर के मनोनीत चेयरमैन श्री अनूप बरतरिया ने निर्वाचित अध्यक्ष श्री अवध बिहारी माथुर को अध्यक्ष पद के लिए शपथ दिलाई ।इसके पश्चात श्री अवध बिहारी माथुर ने अनिल माथुर को महासचिव , देवेंद्र सक्सेना मधुकर को कोऑर्डिनेटर, राधा मोहन माथुर को कोषाध्यक्ष, गोपी मोहन माथुर, डीपी सक्सेना व योगेश नारायण माथुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेश हल्केया को संयुक्त महासचिव संगठन व मनीष माथुर को संयुक्त सचिव पद पर शपथ दिलाई।

## एडवोकेट आर. के . सिन्हा राष्ट्रीय सचिव मनोनित



॥ ॐ श्री चित्रगुप्ताय नमः ॥ पंजीयन क्रमांक 5680 / 80 - 81

स्थापित 1887

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा

पंजीकृत कार्यालय : - सहाय भवन, 12 दरिबा मैनपुरी, उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय कार्यालय : - ए 32, गुलमोहर पार्क, नई दिल्ली 110049
स्थानीय कार्यालय : - 4G/104 गुरजिंदर विहार, AWHO सेक्टर चाई-1, ग्रेटर नॉएडा, जी.बी. नगर, उ. प्र. 201310, ई-मेल : abkmnationalpresident@gmail.com

ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव VSM (Retd.)
वरिष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष
मोबाइल : 9999158400

डॉ. अनूप श्रीवास्तव, IRS
पूर्व प्रधान आयुक्त, भारत सरकार
राष्ट्रीय अध्यक्ष

क्रमांक : ABKM/NSWP/039 दिनांक:- 30/03/2025

"नियुक्ति पत्र"

प्रति
श्री आर. के. सिन्हा जी
ई-82, द्वितीय तल, ई ब्लॉक, अवंतिका, रोहिणी सेक्टर-1, जिला- उत्तर-पश्चिम दिल्ली, नई दिल्ली - 110085
narmadarksinha@gmail.com Mob No. +91 9810638211
के - कार्ड न. ****3729

विषय: नियुक्ति - राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा

महोदय,
सादर प्रणाम।
आपकी कार्यकुशलता, कार्यशैली, अनुभव और भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रति आपकी आस्था और निष्ठा, साथ ही कायस्थ समाज के प्रति आपकी उदारता और समाज के उत्थान के लिए निरंतर किए जा रहे कार्यों को देखते हुए अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के मुख्य संरक्षक, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुप श्रीवास्तव (IRS) तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा आपको "राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा" के पद पर मनोनीत किया जाता है।

हमारा पूर्ण विश्वास है कि आप अपने कार्यों, कुशल नेतृत्व और सूझबूझ के द्वारा इस नये दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए कायस्थ समाज को संगठित और मजबूत करेंगे तथा अखिल भारतीय कायस्थ महासभा को जन-जन तक पहुंचाने में सफल होंगे।
आपके उज्जवल भविष्य और कायस्थ समाज की समृद्धि के लिए हम आपके साथ हैं और आपके प्रयासों की सराहना करते हैं।

शुभकामनाओं सहित,
जय श्री चित्रगुप्त - जय भारत।

ब्रिगेडियर अनिल श्रीवास्तव VSM (Retd.)
राष्ट्रीय वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष
अखिल भारतीय कायस्थ महासभा



## शालिनी श्रीवास्तव एवं उमंग माथुर को पिंकसिटी प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य बनने पर चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एव शुभकामनाऐ





## धर्मेन्द्र जौहरी

संरक्षक
चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन



'रिश्तों की परछाई'

संबंधों की गहराई में जो झांकते नहीं,
मेरे बढ़ते कदमोंत्रार खुशियां बांटते हीं।
जो बनते हैं मेरी राहों के कांटे,
हर बात पर करते हैं केवल आलोचना के घातें।

जो ईर्ष्या के जहर से रंगते हैं दिल,
मेरे सपनों को देते हैं हर पल की दहल।
वो अपनेपन का मुखौटा लगा कर आते हैं,
पर भीतर से केवल द्वेष ही फैलाते हैं।

मैं चुप रहकर भी उनकी बात सहता हूँ ।
अपने हौसलों से नई राह रचता हूँ ।।
उनकी जलन को मेरी हंसी झेलती है,
उनकी नफरत को मेरी मेहनत जीतती है।

रिश्ते हैं तो मिठास भी होनी चाहिए,
हर आलोचना में सीख देने की बात होनी चाहिए।
पर जो केवल अंधकार ही फैलाते है ।
वो अपने भीतर की रोशनी को नही जगा पाते है ।।

# मुंशी प्रेमचंद साहित्य ग्रुप के इस सप्ताह के साहित्यकार



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

गज़ल

उतरा है शोला बदन तालाब में
लग न जाए आग देखो आब में

डूबना क्या उस हसीं के ख़्वाब में
जो नहीं गिनता हमें अहबाब में

आपके आगे मेरी औक़ात क्या
मुझसे बेहतर आप हैं हर बाब में

आरज़ू है डूबने की हमसफ़र
आपकी आँखों के इस तालाब में

यार के रुख़सार पर जो है मेरे
नूर वो हर्गिज़ नहीं महताब में

रूबरू मिलना नहीं मंजूर गर
वस्ल को आ जाइए फिर ख़्वाब में

ग़म से हीरा दोस्ती अच्छी नहीं
ग़म है शामिल मौत के असबाब में

हीरालाल याश्व हीरा



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

बचपन के वो दिन और आज के दिन

बचपनत्रके दिन थे कितने सुहाने,
न चिंता, नत्रोझ, न ग़म के बहाने।
मिट्टी में खेलें, बारिश में नहाएँ,
खुशियों के दीपक हर पल जलाएँ।

न माँगें अधिक, न चाहें जहान,
बस एक टॉफी पे खिल उठे प्राण।
कंचे, गुब्बारे और कागज़ की नाव,
हर छोटी चीज़ में मिलता था भाव।

अब वक्तबदला, हम बड़े हो गए,
ज़िम्मेदारियों में घिरे सो गए।
हँसी की जगह अब चिंता है छाई,
खेलने की मन में ललक भी न आई।

बचपन की मस्ती को फिर से बुलाएँ,
बड़े हो के भी वो हँसी लौटाएँ।
रिश्तों में फिर से वही रंग भरें,
बचपन के सपनों को साकार करें।।

डॉ बीएल सैनी
श्रीमाधोपुर सीकर राजस्थान



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

मौन रहोगे तुम अगर,
दिल को आए चैन।
दिन होगा मधुमास सा,
शालीन होगी रैन।।
साँझ ढली सूरज थका,
बाकी फिर भी काम।
उसके बिन चलती नही,
रजनीकर की धाम।।
दर्पण में शृंगार कर,
जब मुस्काती नार।
अच्छे अच्छे सूरमा,
बन जाते बेकार।।
वह साया किस काम का,
जो छीने अधिकार।
इससे अच्छा तो भला,
कर लो रब से प्यार।।
तारों से कर मित्रता,
चाँद कहे हम साथ।
लेकिन देखे चाँदनी,
पकड़े उसका हाथ।।
प्रियतम को ख़त भेजकर,
पूछा उनका हाल।
उत्तर में रखड़ी मिली,
और कँगन की थाल।।

प्रहलाद सोनी 'सागर'



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

!! तेरे नाम लिखे !!
इस हृदय ग्रन्थ के पन्नों पर,
जो गीत लिखे तेरे नाम लिखे।
सुबह लिखे मध्यान्ह लिखे,
और सुनहरी शाम लिखे।।
हर शब्द लिखा तुझे इंगित कर,
हर शब्द में पैगाम लिखे।
और लिखे दिल के छाले,
हर छाले पर तेरे नाम लिखे।।
सुबह लिखे मध्यान्ह लिखे,
वो और सुनहरी शाम लिखे।
जीवन की आपाधापी में,
सब बिछुड़ गए जो अपने थे।
जो बीच राह में छोड़ गए,
वो किस्से मैने आम लिखे।।
मिलकर भी कोई मिल न सका,
कोई ना मिलकर अपना हुआ।
ये किस्मत क्या तूने लिख दी,
दुनिया काम तमाम हुई।।
सुबह लिखे मध्यान्ह लिखे,
वो और सुनहरी शाम लिखे।।
इस हृदय ग्रन्थ के पन्नों पर,
जो गीत लिखे तेरे नाम लिखे।।

डॉ शिवदत्त शर्मा 'शिवम'
जयपुर राजस्थान



चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

थक गए हम
इस दुनिया की भीड़ में अपनों को ढूंढते ढूंढते,
अपने ही गमों में कुछ यूं मुस्कुराते मुस्कुराते।

थक गए हम
अब इन अपनों को अपना बनाते बनाते,
अब अपने ही इन रूठों को मनाते मनाते।

थक गए हम
अब हमारी इन चाहतों को दफनाते दफनाते,
सोचते है क्यों न अब थोड़ा सा आराम कर ले।
इन रिश्तों नातों से अब थोड़ी सी दूरी कर ले,

थक गए हम
कब तक यकीन करे इन हाथों की लकीरों पर ?
क्यों ना अब थोड़ा सा यकीन कर ले खुद पर।
क्यों न सुधार करे अपने आप को,
और इस जिंदगी को एक नया मोड़ दे ।

थक गए हम
लेकिन अब हम थकेंगे नहीं,
क्योंकि सीख ही लिया है हमने भी
जिंदगी को जीना अब।

डॉ. प्रीति चौबीसा

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-8-8-1994
T.O.B. :-10:10 PM
P.O.B. :-Sawai madhopur Rajasthan
Gotra :-kashyap
Height :-5' 6"
Manglik :-
Edu. :-MA History , computer accounts micro soft.excal
Job :-
F.Name :-Manoj Kumar Shrivastava
M.Name :-Mrs Mithlesh Shrivastava
Address :-Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan
Mob :- 9079838646 9694404520



SONAL SHRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B.:- 06-07-1990
T.O.B.:- 06.50 p.m.
P.O.B.:- New DelhiGotra
father:- Kashyap Gotra
Height:- 5' 3" Mangali:- No
Qualifications:-Graduate
Job:- MNC - Planon India, Hyderabad
Annual income:- 22.5 LPA
Father : Anil Saxena Retired as Section Officer from Min. Of Finance
Mother: Manju Saxena
Address:- Gaur City-1, Noida Extension, Gautam Budh Nagar, UP Anil Saxena 9013376454Manju Saxena 9868886145



PRAGYA SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

DOB: 04/10/1999
Birth Time: 20:12 pm
Birth Place: Lucknow E
ducation: B.com (Hons), M.com, B.ed
Pursuing: PhD in commerce (Marketing subject ) from Amity University, Lucknow
Current job : Working in Flipkart as a business development manager
Mother Name: Reeta Saxena
Father Name: Dinesh Saxena
Home town: Sitapur, Uttar Pradesh
Current Residence: Lucknow
Contact number - 7317006311 , 7081401463



PRIYANKA SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

Birth Date : 27-08-1997
Birth Place : Azamgarh U.P.
Birth Time : 6:30 AM
Mangalik : No
Gotra : Kashyap
Education : (B.Com, M.Com).
F Name : Mr. Ashok Kumar Srivastava

Add.:ANC/045,Azad Nagar ,Kanpur Road near Amausi Airport Lucknow

Contact : 7007623189,9452372982, 9118733277



AKANSHA SRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-22 Jan 1990
T.O.B. :-12:40 am
P.O.B. :- Imphal
Gotra :- Ambastha
Height :- 5'9"
Manglik :-
Edu. :-(B.E.) from Pune University
Job :-Software Engineer Manager
Annual Salary – 44 lacs per annum
F.Name :-Mr. Ravin Kumar Sinha
M.Name :-Mrs. Poonam Vala Sinha
Address :-Hela bazar, near konhara ghat, hajipur (vaishali), bihar
Mob :- 7972472738 (mother) 9149975220 (father)



PRITESH SINHA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-16 October 1992
T.O.B. :-3:07 pm
P.O.B. :-Mathura, Uttar Pradesh
Gotra :-Karariwa
Height :-5 F 10 Inch
Manglik :- No
Edu. :-B.Tech (IT)
Job :-Cyber Security, Western Union, Pune
Income: 34 LPA
F.Name :-Late Shri Anil Kumar Saxena
M.Name :-Mukta Saxena
Address :-Mathura, Uttar Pradesh
Mob :- 8218367926(Mother)



VIKALP SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-12th March 1997
T.O.B. :-
P.O.B. :-
Gotra :-Singh
Height :-5 feet 6 inches
Edu. :-B. Tech Mechanical (Honors) - RTU
Job :-Working with MNC
F.Name : - (Late) Sh. Anil Saxena
M.Name :-Smt. Meena Saxena
Address :-118/47, Vikramaditya Marg, Agrawal Farm, Mansarovar, Jaipur - 302020
Mob :- - 9461543216, 8619552796



VIBHOR SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-14/12/1996
T.O.B. :-3:45 PM
P.O.B. :-Biharsharif
Gotra :-Ambastha
Height :-5 F 5 Inch
Manglik :- No
Edu. :-MBA in Finance (BIMM, Pune) B.Com in Accounts Hons.
Job :-Oracle (Bangalore) Financial Analyst
F.Name :-Ajay Kumar
M.Name :-SimmiKumari
Address :-GayatriNiwas, Adarsh Nagar, Road No - 3, Phulwari Sharif,
Mob :- - 9006634367



AMISHA SINHA

**MARRIAGE BIO-DATA**

DOB: : 8-8-1994
BOT : 10:10 PM
POB : Sawai madhopur
Hight : 5'6".
Gotar : kashyap
Education : MA History
Father - Manoj Kumar Shrivastava
Mother -Mrs Mithlesh Shrivastava
Address- Spl 1 Ricco colony Kherda Sawai madhopur Rajasthan.
Mobile : 9079838646, 8949354721
Only- Rajasthan MP Delhi



SONAL SHRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B.:-18/10/1993
T.O.B.:-07:00 PM P.O.B.:-Jaipur
Gotra:-SikanderPuria
Height :- 5 feet 11inch Manglik :-No
Education MCom
Job :-: Tele Performance Jaipur M.C.A.
Income :-3 lac
F. Name : -MadhupSaxena
Mother Name :-Maya Saxena
Address :-DadiKaFatak, Jaipur
Mob :-9772202022



AMAN SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-15/10/1993
T.O.B. :-10.30 PM
P.O.B. :- Sawai Madhopur
Gotra :- Barseriya
Height :- 5 feet 7 inch
Manglik :- No
Education : B.Com, CA, CSA-L2
F. Name :-Mr. Ashok Saxena
M. Name :-Smt. Rekha Saxena
Address :-EB 704 , Arbana Jewels Society Near Muhana Mandi, Sanganer Road, Jaipur-302029
Mob :- 94140 45265, 94140 31740



ALANKAR SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-07-06-1993
T.O.B. :- 02:30 A.M.
P.O.B. :- Agra ( UP)
Gotra :-Parnevar
Height :-5 feet 6 inches
Manglik :- yes
Edu. :- MCA, BCA, Computer Harware & Networking
Job :- IT Computer Business
F.Name :-Sh. Suresh Chandra
M.Name :-Smt. Sadhana Srivastav
Address :- 2/1291, Kudi Bhagtasni Housing Board Sector- 2, Jodhpur
Mob :- 9950125210, 9511504179



ANUPAM SHRIVASTAV

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 19 Dec. 1998
T.O.B. :- 2.51 P.M.
P.O.B. :-Shivpuri (M.P.)
Gotra :-Amrotiya
Height :-5' ft. 6" inch.
Manglik :- No
Edu. :-B.B.A. & MBA in Finance and marketing from NDIIT NEW DELHI
Job :-Account ASAHI INDIA GLASS LIMITED GURUGRAM
Annual Income:- 4.10 L.P.A.
F.Name :-Mr. Manoj Saxena
M.Name :-Late Mrs. Nidhi Saxena
Address :-Gwalior M.P.
Mob :- - 8384091352



YASH SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 5/10/1990
T.O.B. :- 9.15am
P.O.B. :-Bikaner
Gotra :-
Height :-5.5" inch
Manglik :- No
Edu. :-B Tec (Electrical Engineering)
Job :-Data Analyst at GEDU Global Education Pvt Ltd.. Noida
F.Name :-Late sh Dinesh Kumar
M.Name :-Vandana Bhatnagar
Address :-B-3/355 Sudarshan Nagar Bikaner, Rajasthan
Mob :- - 8949903293, 9314185401



ANKIT BHATNAGAR

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 04-12-93
T.O.B. :-02:05 P.M.
P.O.B. :-Jaipur, Rajasthan
Gotra :- Laloriya
Height :- 5 ft. 5 inches Manglik :- NO
Education B.Tech in CS from Poornima College,Jaipur,RTU KOTA
Job :- Senior Quality Assurance Engineer in Veritas LLC,Posted Pune
Annual income:- 20 LPA
F. Name :-Adv. Rakesh Saxena
M. Name :-Mrs.Neelima Saxena
Address :-Dev Nagar,Tonk Road,Jaipur
Mob :- 95712 16971



ER.ARUSHI SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-04/10/1999
T.O.B. :-20:12 pm
P.O.B. :-Lucknow
Gotra :-
Height :-
Manglik :- No
Edu. :-B.com (Hons), M.com, B.ed
Job :-CICI Bank as a senior officer

F.Name :-Dinesh Saxena
M.Name :-Reeta Saxena

Address :-Sitapur, Uttar Pradesh
Mob :- - 9554580028, 9794749102



PRIYANKA SAXENA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :- 2_8_1986
T.O.B. :- 8.10 pm
P.O.B. :-Ajmer
Gotra :- JHAMRIYA
Height :- 5 fit 5 inch
Manglik :- No
Edu. :-PostGraduation
Job :-business construction line partner ship

F.Name :-Ashok swroop mathur
M.Name :-BEENA MATHUR
Address :-Vaishali nagar. Ajmer
Mob :- - 7976759692. 7611001658



PRASHANT SRIVASTAVA

**MARRIAGE BIO-DATA**

D.O.B. :-25 May 1999
T.O.B. :- 04:50 A.M.
P.O.B. :- Hajipur, Bihar
Gotra :-Kashyap
Height :-5 feet 0 inches
Manglik :- No
Edu. :-B. Pharm
Job :-Regulatory Affairs Specialist at Cbayexpress Corporation (Herbishh) Nodia
F.Name :-Sh. Rajesh Ranjan Verma
M.Name :-Sarita Sinha
Address :- Bharat City, Ghaziabad
Mob :- 9319973209



Arunima

# बालाजी मंदिर में लगाया वाटर कूलर

चौथकाबरवाड़ा, चित्रांश एक्सप्रेस । चौथकाबरवाड़ा कस्बे में सब्जी मंडी मार्ग पर स्थित बालाजी मंदिर में रविवार को नव वर्ष के अवसर पर वाटर कूलर लगाकर इसका शुभारंभ किया गया। इससे यहां आने वाले भक्तों को पीने के लिए शुद्ध एवं ठंडा पानी मिल सकेगा। एक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष राधा गोविंद माथुर ने बताया कि बालाजी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त आते हैं। ऐसे में भक्तों की सुविधाओं को देखते हुए यहां पर वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे धार्मिक पूजा अर्चना के साथ वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। समाजसेवी बसंती लाल सैनी ने बताया कि



कस्बे में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी लगातार बेहतरीन कार्य किया जा रहे हैं। इस दौरान प्रशासक सीता सैनी, समिति के अनिल जैन, शंकरलाल सैनी, अनीस अहमद देशवाली, सीताराम सैनी, राकेश सैनी, प्रियंका जैन, अशफाक अहमद मंदिर के पुजारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



रामपुर, चित्रांश एक्सप्रेस। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना ने रामपुर निवासी अंकुश सक्सेना एडवोकेट को उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अंकुश सक्सेना एडवोकेट के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर जिला कार्यालय ज्वाला नगर रामपुर पर जोरदार स्वागत किया गया।

जिसमें जयहिंद नेशनल पार्टी चुनाव समिति अध्यक्ष प्रिंस श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष आदित्य सक्सेना, जिला प्रभारी विभोर सक्सेना, जिला संरक्षक चितरंजन श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष पीयूष श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष राजीव सक्सेना एडवोकेट, वेंकटेश सक्सेना, साकेत सक्सेना, शिवम सक्सेना, पप्पू भटनागर आदि अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ का होली मिलन व सम्मान समारोह



प्रयागराज, चित्रांश एक्सप्रेस। जयहिंद नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव जी , प्रयागराज उत्तर प्रदेश में आयोजित उत्तर प्रदेश अधिवक्ता संघ के होली मिलन समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता और मंच संचालन का कार्य एडवोकेट अरविंद कुमार श्रीवास्तव जी ने किया, जिसके मुख्य आयोजक रहे एडवोकेट मनीष श्रीवास्तव जी, एडवोकेट कल्पना श्रीवास्तव जी एवं एडवोकेट शौर्यदीप सचिन जी। इस होली मिलन समारोह के भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक डॉ. के पी श्रीवास्तव जी, विशिष्ट अतिथि के तौर पर कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष डॉ. सुशील सिन्हा जी, उत्तर प्रदेश बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट अमित श्रीवास्तव जी, प्रयागराज के बेहद सम्मानित उद्यमी श्री निशित वर्मा जी, इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट अमरेंद्र नाथ सिंह जी और एडवोकेट स्वाति श्रीवास्तव जी उपस्थित रहे।

इस उपलक्ष पर सभी गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण कर और पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया, इस क्रम में एडवोकेट सौर्य दिप श्रीवास्तव जी ने जयहिंद नेशनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव जी को पुष्प कुछ देकर स्वागत और अभिनंदन किया। वहां पर उपस्थित कई प्रतिभावान अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

# इंजीनियर संदीप जौहरी बने सम्भाग अध्यक्ष



ग्वालियर, चित्रांश एक्सप्रेस। राष्ट्रीय कायस्थ महापरिषद ( रजिस्ट्रेशन 2002 ) ने इंजीनयर संदीप जौहरी को ग्वालियर - चम्बल सम्भाग का अध्यक्ष मनोनीत किया है, इलेक्ट्रिकल इंजीनियर एवम एम बी ए तक शिक्षा प्राप्त संदीप जौहरी जी जो पूर्व में प्रतिष्ठित 5 कम्पनियों में जनरल मैनेजर के पद पर रह कर अब ग्वालियर में समाज सेवा के साथ अपना व्यापार कर रहे है ।

# श्री चित्रगुप्त हरी धाम पुष्कर प्राण प्रतिष्ठा 19 अप्रैल को

अजमेर, चित्रांश एक्सप्रेस । पुष्कर अजमेर में नवनिर्मित श्री चित्रगुप्त हरी धाम में भगवान श्री चित्रगुप्त जी की प्राण प्रतिष्ठा शनिवार 19 अप्रैल 2025 को प्रातः काल से दोपहर 1:00 के मध्य होने जा रही है उक्तधाम का निर्माण 'कायस्थ श्री' श्री हर प्रसाद माथुर जी ने अपने राजकीय सेवा से सेवा निवृत होने के बाद प्राप्त धनराशि से बनवाया है।

धाम में प्रथम पूज्य त्रिनेत्र गणेश जी भगवान -विष्णु भगवान , माता लक्ष्मी जी- भगवान श्री चित्रगुप्त जी - शिव परिवार- भगवान हनुमान जी व भगवान भैरवनाथ जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। मंदिर के शिखर पर आठो दिशाओं में आठो दिशाओं के देवताओं की मूर्तियां स्थापित की गई है। कुल भूमि 300 गज है। मंदिर धाम का निर्माण 125 गज भूमि में करवाया गया है। धाम में सभी मूर्तियों की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर आम जनता व समाज को समर्पित किया जाएगा।

पुष्कर विश्व प्रसिद्ध तीर्थ और भगवान ब्रह्मा जी की तपोभूमि के साथ-साथ ब्रह्मा जी के चित्त एवं समस्त काया के तप से अवतरित भगवान श्री चित्रगुप्त जी की भी पैत्रिक कर्म स्थली के रूप में विख्यात है।

ब्रह्मा जी की नगरी में नव निर्मित श्री चित्रगुप्त हरी धाम में मूर्तियों की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सभी चित्रांश बंधु साक्षी बनें । श्री हर प्रसाद माथुर ने समस्त समाज बंधुओं को सपरिवार, रिश्तेदारों, मित्रों, धर्म-प्रेमियों सहित सादर आमंत्रित किया है।




आयोजन का निमंत्रण

प्रोग्राम निम्न प्रकार से है:-

1 ) 18 अप्रैल 2025 - हवन यज्ञ इत्यादि

2 ) 19 अप्रैल 2025 - मूर्तियों की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा

3 ) मुख्य अतिथ्ययों का स्वागत सत्कार इत्यादिः प्रातःकाल से दुपहर 1:00 बजे तक

4 ) प्रसादी : 1:00 बजे से 2:30 बजे तक

स्थान :- गुरुद्वारे के पीछे वाली सड़क -परिक्रमा मार्ग- बड़ी पुलिया -पुष्कर फीडर -होटल ब्रह्मा लावर के पीछे- पुष्कर जिला। अजमेर ( राज. )

विनीतः- हर प्रसाद माथुर : 9829285958 हितेश माथुर : 9828811102 अर्चित माथुर एवं मन्दिर समिति

# जादूगर एस कुमार श्रीवास्तव को मिला अनूठा सम्मान

आगरा, चित्रांश एक्सप्रेस । आगरा उत्तर प्रदेश के जादूगर एस कुमार श्रीवास्तव को मिला अनूठा सम्मान। आगरा में आयोजित तीसरे स्वर्गीय श्री ओ. पी शर्मा स्मृति सम्मान समारोह में, जादू की दुनिया के बेताज बादशाह, जादूगर एस कुमार श्रीवास्तव को उनकी अद्भुत कला और योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

जीनियस वर्ल्ड रिकॉर्ड और दिव्य आत्म ज्ञान फाउंडेशन द्वारा सम्मानः जादूगर एस कुमार श्रीवास्तव को जीनियस वर्ल्ड रिकॉर्ड और दिव्य आत्म ज्ञान फाउंडेशन ने गोल्ड मेडल, सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी असाधारण प्रतिभा और जादू के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान को दर्शाता है।

भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट अवार्ड : भारत बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने जादूगर एस कुमार श्रीवास्तव को सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उनकी उत्कृष्टता और जादू के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों की मान्यता है।

इंटरनेशनल होनेरेबल अवार्ड 2025 द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्डः इतना ही नहीं, जादूगर एस कुमार श्रीवास्तव को इंटरनेशनल होनेरेबल अवार्ड 2025 द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एक ।





# अरुण श्रीवास्तव चुन्नू को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया



चित्रांश एक्सप्रेस । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 7235 भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा अरुण श्रीवास्तव चुन्नू जी को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया इस अवसर पर कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण चुन्नू श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद एवं आभा प्रकट किया तथा उन्होंने कहा कि जो भी राष्ट्रीय नेतृत्व हमें जिम्मेदारी दी है हम यह विश्वास दिलाते हैं कि संगठन एवं समाज हित में सदैव कार्य करते रहेंगे । कायस्थ एकता जिंदाबाद

डेंगु एवं मलेरिया का प्रभावी ईलाज
HOMOEOPATHIC CHIKISTA KENDRA



Dr. B.C. Saxena
B.Sc. D.H.M.S.
(Heart & General Physician)
Mob.: 98281-59170

विशेषज्ञ :
हृदय रोग, पाइल्स, अल्सर पथरी, बच्चों के रोग, स्त्री रोग

38/17, Madhyam Marg, Kiran Path, Mansarovar, Jaipur-302020
E-mail : brijesh.sexena1@gmail.com
Timing Summer : 8 -12 am 5 - 8 pm
Winter : 9 -1 am - 5 - 8 pm
Sunday Evening Closed

Amit Saxena
9468957703

VOLTAS | MITSUBISHI ELECTRIC | acer | GENERAL | Haier | BOSCH | SAMSUNG | HITACHI

COOL POINT ENGINEERS

Deals in : Air Conditioners, Miccrowave LED, Refrigerator, Washing Machine

10/7, Swarn Path Crossing, Madhyam Marg, Mansarovar, Jaipur - 302020
Phone : 0141-2786263 | E-mail : coolpointjaipur@gmail.com

# नायकी माता यात्रा इस वर्ष रविवार, 31 अगस्त को

जयपुर ( युगल किशोर नहवारिया ) चित्रांश एक्सप्रेस। नायकी माता यात्रा व विकास समिति के पदाधिकारियों श्री जुगल किशोर जी डिग्गी वाले, श्री अवध बिहारी माथुर श्री जगदीश प्रकाश माथुर, श्री राधा मोहन माथुर, युगल किशोर नेहवारिया ने आगामी नायकी माता यात्रा की सफलता की प्रार्थना के लिए नायकी माता दरबार के दर्शन किये। उक्त सभी पदाधिकारियों ने दरबार में एक मीटिंग कर 31 अगस्त 2025, रविवार को यात्रा लेकर आने का निर्णय लिया गया।



समिति पदाधिकारियों द्वारा इस अवसर पर केकेडी नगर पालिका के चेयरमैन श्री कमलेश जी साहू एवं उनके परिवार का अभिनंदन किया गया। समिति द्वारा चेयरमैन साहब श्री कमलेश जी को 31 अगस्त को यात्रा का निमन्त्रण दिया गया जिसे उनके द्वारा सहर्ष स्वीकार कर यात्रा में सम्पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

# श्रीचित्रगुप्त कायस्थ समाज मे चला माँसाहार, नशा मुक्त महाअभियान

## कायस्थ बंधु समिति परिवारो को घर जाकर सम्मान सहित दिला रही है संकल्प

भोपाल, चित्रांश एक्सप्रेस। कायस्थ समाज माँसाहार खान-पान के कारण अपनी वास्तविक पहचान से बंचित हो रहा है। हिंसक नही अहिंसक बनकर शाकाहार कायस्थो ने देश में नही बल्कि विश्व में पहचान बनाई है। वर्तमान में माँसाहार जैसे लगे कलंक के कारण कायस्थो के मान सम्मान में भी कमी आई है। कायस्थ माँसाहार मुक्त बने इसके लिए कायस्थ बंधु समिति पिछले चार साल से महाअभियान चला रही है। इसी उद्देश्य को लेकर बुधवार को पिपलानी खजूरी कला रोड शिवलोक ग्रीन कालोनी में श्रीमति नेहा मनीष श्रीवास्तव के घर पर सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कायस्थ बंधु समिति के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने परिवार के सभी सदस्यो को माँसाहार, नशा मुक्त महाअभियान में शामिल होने पर पीले गमछे पहनाकर सम्मान मे भगवान श्रीचित्रगुप्त जी की तस्वीर भेट कर




प्रशस्ति पत्र प्रदान किया है। इस शुभ अवसर पर श्रीवास्तव परिवार ने भविष्य में अण्डे माँसाहार न लेने का संकल्प भी लिया है। कायस्थ समाज शाकाहार बने इसी आशय के साथ कायस्थ बंधु समिति चैत्र नवरात्रि, हिंदू नववर्ष से भोपाल के विभिन्न क्षेत्रो में चित्रगुप्त सम्मान के जरिए लोगो को माँसाहार मुक्त के प्रति जागरूक कर रही है। अभी तक भोपाल कायस्थ समाज से दो सौ से अधिक परिवार अभियान से जूड चुके है।

## अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



# स्व. कैप्टन आर. एस. माथुर

शोकाकुल :

प्रगति माथुर ( पुत्रवधु ), तरूण व एकता माथुर ( पुत्र-पुत्रवधु )
मृणाल - रोनिता ( पौत्र - पौत्रवधु ), विभोर, वेदांत ( पौत्र )
दिलीप, सुनील, कुमद, अंजू तथा समस्त परिवारजन एवं
शहीद मेजर आलोक माथुर सेना मेडल मैमोरियल समिति

## चित्रांश एक्सप्रेस डॉट इन

डॉ. अरुण सक्सेना संपादक | रवि माथुर सह- संपादक | धर्मेन्द्र जौहरी संरक्षक

## अभाकाम संस्था

अजीत सक्सैना, अध्यक्ष, अभाकाम संस्था | रतन सक्सैना, उपाध्यक्ष, अभाकाम संस्था | सुनील कुमार श्रीवास्तव, संगठन सचिव, अभाकाम संस्था

शियाने राधेगोविन्द माथुर, अध्यक्ष, नलिनी फाउंडेशन | मधुप कुमार सक्सैना, कोर्डिनेटर, अभाकाम संस्था | शशांक माथुर, सचिव, अभाकाम संस्था


त्याग! सेवा! सहयोग! समानता! रजि. नं. COOP/2022/JAIPUR/204668

# नलिनी फाउन्डेशन

एक पहल..... शिक्षा एवं स्वास्थ्य की ओर



स्व. श्रीमती नलिनी माथुर
23-09-1959 - 01-06-2021

## सामाजिक उत्थान हेतु चलाये जा रहे अभियान :

- नलिनी शिक्षा छात्रवृत्ति योजना
- नलिनी शिक्षा सहायता योजना
- निःशुल्क व्यवसाय प्रशिक्षण योजना
- निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण योजना
- शिक्षा एवं स्वास्थ्य हेतु जागरूकता कार्यक्रम



शिहान राधेगोविन्द माथुर
(चौथ का बरवाड़ा वाले)
अध्यक्ष

+91 9828071297 | www.nalinifoundation.org | Email : nalinifoundation23@gmail.com

आंचलिक कार्यालय : 15/822, बाईजी कोठी, शर्मा क्लोथ स्टोर के पास, झालाना डूंगरी, जयपुर (राज.) 302004